आज का युवा वर्ग अपने धर्म और समाज की ओर से भटक रहा है। उनका रुझान कम होते जा रहा है अतः यह समाज और परिवार का दायित्व है कि युवाओं को अपने धर्म और समाज से जोड़े रखा जा सके, क्योंकि युवा वर्ग ही धर्म और समाज का भविष्य हैं, वे जुड़े रहेंगे तभी हमारा धर्म भी सुरक्षित रह सकता है।

'जैन एकता' के संदर्भ में आपका कहना है कि एकता असंभव सी प्रतीत हो रही है, क्योंकि जो उच्च पदों पर आसीन हैं वह अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ नहीं कर रहे हैं, वे दिखावे और कुर्सी के लालच में पड़े हुए हैं तो एकता कहां से स्थापित हो पाएगी। एकता तभी संभव हो सकती है जब हम सभी एक साथ-एक मंच पर उपस्थित रहें, बिना किसी अहम भाव के।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहते हैं कि यह तो होना ही चाहिए कि अपने देश की पहचान एक ही नाम से रहे, सदियों से हमारे देश का नाम एक ही रहा है और एक ही रहना चाहिए, इंडिया नाम का कोई अर्थ नहीं।

बिजय जी मूलतः हरियाणा के निवासी हैं। आपका परिवार कई वर्षों से उड़ीसा में बसा हुआ है। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है, यहां आप फार्मास्यूटिकल व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही यहां स्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय हैं। महावीर जैन भवन के सचिव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष जैसे कई पदों पर अपनी भूमिकाएं निभा रहे हैं। कालाहांडी केमिस्ट अॅड ड्रगिस्ट असोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे है। जय भारत!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

मैं भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

**उमराव सिंह सेठिया**
**प्रसिद्ध समाजसेवी**
**सुजानगढ़ निवासी-चेन्नई प्रवासी**
**भ्रमणध्वनी: ९७१०२०९५४५**

उमरावसिंजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि हमारे तेरापंथ समाज में 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' पर कोई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम नहीं आयोजित किए जाते पर इस दिन समाज के लोगों द्वारा व्रत, उपवास, तपस्या की जाती है। आज के परिपेक्ष्य में महावीर के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करना ही उनके जन्मोत्सव का सही अर्थ है।

'जैन एकता' के संदर्भ में आपका कहना है कि यह एक असंभव सा प्रतीत होता है, क्योंकि हर संप्रदाय और पंथ द्वारा अपने-अपने मत व विचारों को ही विशेष महत्व दिया जा रहा है।

'जैन एकता' में सबसे बड़ी बाधा 'अहम' है, सभी अपने 'अहम' को सर्वश्रेष्ठ कहने में जुड़े हुए हैं। हमारे अष्टम आचार्य तुलसी जी द्वारा भी अन्य पंथों द्वारा मिलकर यह प्रयास किया गया था कि हमारी 'संवत्सरी' एक साथ मनाई जाए और इसके लिए वे कोई भी १ दिन निश्चित करें ताकि संपूर्ण पंथों द्वारा संवत्सरी एक साथ-एक रूप में मनाई जा सके, यदि हमारे गुरु भगवंत चाहें तो अवश्य ही 'जैन एकता' स्थापित हो सकती है, क्योंकि श्रावक तो गुरु-भगवंतों के ही अनुयाई होते हैं। समस्त जैन पंथों की एकमात्र विश्वस्तराय विश्वस्नीय 'जिनागम' पत्रिका द्वारा 'जैन एकता' का प्रयास सराहनीय है। आज नहीं तो कल अवश्य 'जैन एकता' स्थापित होगी, क्योंकि समाज का भविष्य समाज की एकता में ही है।

आज की युवा पीढ़ी आधुनिक यंत्रों में व्यस्त है, हम युवाओं की बात कर रहे हैं, उनके माता-पिता भी अपने धर्म और समाज से विमुख होते जा रहे हैं, पालकों का यह कर्तव्य है कि कि वे स्वयं धर्म से जुड़े रहे और अपने बच्चों को भी धर्म से जोड़ें, उन्हें सही दिशा-निर्देश प्रदान करें।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहते हैं कि अवश्य ही अपने देश की एक ही नाम से पहचान रहनी चाहिए 'भारत' यही नाम सदियों से चला आ रहा है।

उमरावजी मूलतः राजस्थान के 'सुजानगढ़' के निवासी हैं। आपका जन्म व प्रारंभिक शिक्षा 'सुजानगढ़' में, तत्पश्चात उच्च शिक्षा 'कोलकाता' में संपन्न हुई है। १९८४ से आप 'चेन्नई' में बसे हैं, इसके पूर्व १० वर्षों तक आप अफ्रीका और यूरोप के देशों में बसे रहे। चेन्नई में आप एसी स्पेयर पार्ट्स के व्यवसाय से जुड़े हैं जो ३ पीढ़ियों से चला आ रहा है। यहां आप सामाजिक कार्यों में भी विशेष रूप से सक्रिय रहते हैं। आप सभी धर्म का ज्ञान रखते हैं और उसमें निष्ठा भी रखते हैं। अणुव्रत समिति से जुड़े हैं, अन्य कई सामाजिक संस्था में विशेष सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं, आपके परिवार द्वारा 'सुजानगढ़' में महिला विद्यालय संचालित है। आप 'चेन्नई' में एक प्रसिद्ध समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। जय भारत!

**दिलीप पाटोदी**
**पूर्व सचिव सुजानगढ़ नागरिक परिषद**
**सुजानगढ़ निवासी-कोलकाता प्रवासी**
**भ्रमणध्वनि: ९८३००३२१०८**

दिलीप जी 'जैन एकता' के विषय पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहते हैं कि आज अपने समाज में सबसे अधिक जरूरत है एकता की, भले ही हम मंदिर मार्गी या साधुमार्गी हों, श्वेताम्बर हों या दिगम्बर पर उससे पहले हम सब 'जैन' हैं, जहां धर्म और समाज की बात आती है, वहां सभी संप्रदायवाद भूलकर हम सिर्फ 'जैन' रहें, इस बात को महत्व देना चाहिए। हमारे २४ तीर्थंकर एक हैं हम उन्हीं के बताए दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। हमारा महामंत्र णमोकार मंत्र एक है तो यह भिन्नता क्यों? इसके लिए हमारे समाज के सभी गुरुओं को एक साथ-एक मंच पर आना होगा, तभी यह कार्य संभव हो सकता है।

आज की युवा पीढ़ी को अपने जैन धर्म की विशेषताओं को वैज्ञानिक तरीके से समझाना होगा कि रात में खाना क्यों नहीं खाना चाहिए, पानी उबालकर क्यों पीना चाहिए, यदि यह सब उन्हें वैज्ञानिक तरीके से समझाया जाए तो अवश्य ही युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से जुड़ेगी, उन्हें हमारे २४ तीर्थंकरों के बारे में भी जानकारी देनी होगी, सर्वप्रथम ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर के बारे में जानकारी देनी होगी, तभी युवा वर्ग अपने धर्म और समाज से जुड़ा रहेगा।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि मैं तो शुरु से ही अपने देश को सिर्फ 'भारत' नाम से संबोधित करते आया हूं। यह हमारा भारत है, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी के पुत्र भरत की यह धरती है, जिसके नाम से इस देश का नाम 'भारत' पड़ा, अतः अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' से रहनी चाहिए।

दिलीप जी मूलतः राजस्थान स्थित 'सुजानगढ़' के निवासी हैं। आपका जन्म पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में व शिक्षा सुजानगढ़ में संपन्न हुई है। पिछले ४५ वर्षों से आप कोलकाता में बसे हुए हैं और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त हुए हैं। वर्तमान में सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। सुजानगढ़ नागरिक परिषद के पूर्व सचिव रहे हैं, अन्य कई संस्थाओं से भी जुड़े हैं। जय भारत!

**संजीव जैन**
**अध्यक्ष श्रावस्ती दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र**
**लखनऊ निवासी**
**भ्रमणध्वनि: ९४१५०१७८२४**

संजीव जी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' पर शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि महावीर स्वामी जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर हैं, जिन्हें लोग जैन धर्म का प्रवर्तक मानते हैं, वे जैन धर्म के प्रवर्तक नहीं थे, वे २४ तीर्थंकरों की श्रृंखला में अंतिम तीर्थंकर थे। जैनिज्म कोई धर्म ना होकर जीवन जीने की एक पद्धति है। झूठ, हिंसा, मारकाट जैसे बुरे कर्मों के लिए कोई स्थान नहीं, यह पूर्णतः सात्विक जीवन जीने की पद्धति है, जिन्होंने अपने इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली वह हमारे पूजनीय हैं, चाहे वे मुनिराज हों या हमारे गुरु भगवंत, हमारे यहां किसी व्यक्ति विशेष की पूजा ना होकर गुणों की पूजा की जाती है। तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर्व को मनाने का उद्देश्य यही है कि उनके संदेशों उनके आदर्शों, सिद्धांतों, विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके, जो कसाय का वातावरण फैला हुआ हैं, उन्हें समाप्त करने का प्रयास किया जा सके, उन्होंने देश ही नहीं पूरे विश्व को 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया जो तीन अर्थों में अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांतवाद के रूप में सार्थक होता है। महावीर स्वामी के सिद्धांतों का इस रूप में अनुसरण करें तो ही हम उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं।

जैन समाज में एकता बहुत जरूरी है पर इसके लिए हमें अहंकार व विसंगतियों को छोड़कर एक साथ-एक मंच पर स्थापित होना होगा। हमारा समाज बहुत ही छोटा रह गया और उसमें भी इतने संप्रदाय और विसंगतियां बन गई हैं तो हमारा समाज आगे कैसे बढ़ेगा और इन सबको जोड़ने का कार्य और क्षमता हमारे साधु समाज में ही है, हम जैन एक हो कर रहें, आपसी कार्यक्रमों के दौरान एक दूसरे संप्रदाय का सम्मान करें, सम्मान दें, तभी एकता संभव हो सकती है।

हमारा युवा वर्ग धर्म से तो जुड़ा हुआ है पर धर्म के प्रति उनके तार्किक दृष्टिकोण का समाधान भी करना होगा, उनमें श्रद्धा की कमी है यदि हम उनके तार्किक दृष्टिकोण का समाधान कर सकते हैं तो वे अपने धर्म और समाज से जुड़े रहेंगे।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, हमारे आचार्य विद्यासागर जी ने भी इसका आह्वान किया है, इंडिया शब्द तो अंग्रेजों द्वारा दिया गया नाम है जिसका कोई अर्थ नहीं, भारत में बनने वाले सभी वस्तुओं पर Made in BHARAT लिखा जाए तो यह एक अच्छी शुरुआत होगी।

संजीव जी मूलतः उत्तर प्रदेश के 'पीलीभीत' के निवासी हैं, आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। पिछले ३० वर्षों से आप लखनऊ में बसे हुए हैं और डिस्ट्रीब्यूशन के व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। श्रावस्ती दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष हैं और दिगम्बर समाज के अन्य कई संस्थाओं से भी जुड़े हैं।

**नरेश जे. लोढ़ा जैन**
**उपाध्यक्ष उड़ान व जीवन बीमा सलाहकार**
**घाणेराव निवासी-मुंबई प्रवासी**
**भ्रमणध्वनि: ९८२०२८५७०१**

नरेशजी तीर्थंकर 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' मनाने का परिपेक्ष आज के समय में और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है जिस तरह चारों तरफ हिंसा और नफरत की भावना फैली है उसे रोकने के लिए तीर्थंकर महावीर के संदेश 'जियो और जीने दो' के माध्यम से समाज में फैले कयासों को मिटाया जा सकता है, इस पर्व के माध्यम से तीर्थंकर महावीर के संदेशों व मूल्यों को याद किया जाता है और व्यवहारिक जीवन में उसे आत्मसात कर विश्वस्तर पर फैलाने का प्रयास किया जाता है अतः आज के परिपेक्ष में यह पर्व अत्यंत आवश्यक है और युवाओं को भी इसे अधिक से अधिक जोड़ा जा सकता है।

हमारी युवा पीढ़ी जुड़ी तो हुई है पर उन्हें सही दिशा निर्देश नहीं मिल पा रहे हैं, वह धर्म के मर्म को समझ नहीं पा रहे हैं और उन्हें जोड़ने के लिए व्याख्यान मालाओं में उनकी उपस्थिति होनी अत्यंत आवश्यक है। हमारे २४ तीर्थंकर के आदर्शों को सरल भाषा में उनके सम्मुख प्रस्तुत किया जाए तो ही वे धर्म से जुड़ेंगे।

'जैन एकता' तभी संभव हो सकती है, जब हर संप्रदाय के गुरु भगवंत प्रयास करें तो अवश्य 'जैन एकता' स्थापित हो सकती हैं, क्योंकि सभी के मूल में तीर्थंकर महावीर व उनके द्वारा बताए गए सिद्धांत ही हैं, आज समाज में एकता की अत्यंत आवश्यकता है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि 'भारत' नाम ही हमारी संस्कृति से हमें जोड़े रखता है यह प्राचीन नाम है पर यह हमारे गौरवशाली इतिहास व्यक्त करता है। 'भारत' नाम के साथ-साथ हमें अपने देश के विकास और सुख-शांति के लिए भी प्रयास करना होगा, तभी हम इस नाम की सार्थकता विश्व को बता पाएंगे।

नरेश जी मूलतः राजस्थान के 'घाणेराव' के निवासी हैं। आपका जन्म घाणेराव में और संपूर्ण शिक्षा मुंबई में संपन्न हुई है। पिछले ४२ वर्षों से आप मुंबई में बसे हैं और जीवन बीमा सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं, जैन फुलवारी के सचिव, उड़ान संस्था के उपाध्यक्ष जैसी कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। जय भारत!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

मै भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

## अशोक पुनमिया

**व्यवसाई व समाजसेवी**

**सांडेराव निवासी-कुम्भकोलम प्रवासी**

**भ्रमणध्वनिः ९४४३३२०१४१**

अशोकजी 'तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक' पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि संपूर्ण जैन पंथों द्वारा हमारे २४वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में मनाया जाता है, इस पर्व को मनाने का उद्देश्य यही है कि महावीर जी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया जाए, पर्व के अवसर पर समाज द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं, जिसमें सभी की सहभागिता रहती है, जुलूस व शोभायात्रा भी निकाली जाती है। पर्व को मनाने का उद्देश्य तभी सार्थक हो सकता है जब हम महावीर जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें और उसी के अनुरूप अपना जीवन यापन करें।

'जैन एकता' के संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही 'जैन एकता' स्थापित हो सकती है, यह समझने और समझाने की बात है यदि संपूर्ण समाज एक साथ-एक मंच पर स्थापित होगा तो अवश्य 'जैन एकता' स्थापित होगी और यह हमारे समाज के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। एकता ना होने से ही हमारे समाज व धर्म का अस्तित्व नगण्य होते जा रहा है, अतः अपने धर्म और समाज की रक्षा हेतु समाज में एकता होना अत्यंत आवश्यक है।

आज का युवा भी अपने धर्म और समाज से जुड़ रहा है, उनके भीतर भी धर्म और समाज से जुड़ी भावनाएं निर्मित हो रही हैं, वे भी विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर उपस्थित रहते हैं।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम एक ही रहना चाहिए 'भारत', इसके अतिरिक्त अन्य कोई नाम हमारे देश की शोभा और इतिहास नहीं बढ़ा सकते, अतः अपने देश की पहचान 'भारत' नाम से ही रहनी चाहिए। समय लगेगा पर यह अभियान अवश्य सफल होगा।

अशोक जी मूलतः राजस्थान स्थित 'सांडेराव' के निवासी हैं। आपका परिवार ५ पीढ़ियों से तमिलनाडु के तंजौर जिले में स्थित 'कुंभकोलम' का निवासी है। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा भी यहीं संपन्न हुई है। यहां आप टेक्सटाइल व्यवसाय से जुड़े हुए है जो कि 'जयहिंद स्टोर' के नाम से प्रचलित है यह आपके दादाजी द्वारा स्थापित की गयी थी, साथ ही आप सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते हैं। जय भारत!

## अजय भंसाली

**अध्यक्ष श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा कोलकाता**

**श्री डूंगरगढ निवासी-कोलकाता प्रवासी**

**भ्रमणध्वनीः ९३३०५०५६८१**

अजय जी तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि तीर्थंकर महावीर जी का जीवन अद्भुत प्रेरणा देने वाला है। इस अवसर्पिणी काल में जहां काल अच्छे गुण आदि के ह्रास की तरफ बढ़ रहा है, महावीर जन्म कल्याणक का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। लोग जैसे जैसे धर्म से दूर बढ़ रहे हैं, उन्हें भगवान महावीर के जीवन को और अधिक पढ़ने और समझने की आवश्यकता हो जाती है। ऐसे में महावीर जन्म कल्याणक पर्व का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। समाज द्वारा इस पर्व के दौरान विशाल जुलूस का आयोजन किया जाता है एवं उसके पश्चात यह जुलूस धर्म सभा में परिवर्तित हो जाता है। धर्म सभा में भगवान महावीर द्वारा दिए गए उपदेशों को स्मरण करके उनके बताए गए सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी जाती है।

जैन एकता आज हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वर्तमान में जैन समाज कई संप्रदायों में बंट चुका है। मान्यताओं में भिन्नता है, ऐसे में विभिन्न पंथों के आचार्यों को मिलकर जैन एकत्व पर अवश्य विचार करना चाहिए। तेरापंथ धर्म संघ के नवम आचार्य श्री तुलसी ने इसकी पहल भी की थी एवं वर्तमान युग प्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी भी समय-समय पर विशेष प्रयास कर रहे हैं।

वर्तमान में जैन समाज देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में फैल चुका है, लोग कॉस्मापॉलिटन हो गए हैं। ऐसा लगता है युवा पीढ़ी जैनत्व से दूर हो रही है, ऐसे में विभिन्न संप्रदाय के युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ने के लिए सामाजिक मीडिया का उपयोग कर विशेष प्रयास कर रहे हैं। साथ ही साधु साध्वीयों का विहार क्षेत्र भी विस्तृत हो रहा है, वे युवाओं को धर्म की प्रेरणा दे रहे हैं। ऐसे ही प्रयासों से युवा पीढ़ी को धर्म एवं समाज से जोड़ा जा सकता है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि भारत हमारे देश का प्राचीन नाम है, जिसका इतिहास सहस्त्र वर्ष पुराना माना जाता है। मेरा मानना है कि भारत को भारत ही बोला जाना चाहिए, जिससे हम प्राचीनता के साथ जुड़े रहे और इसके इतिहास को हम स्मृति पटल पर रख पाएं। अजय जी मूलतः राजस्थान के 'श्रीडूंगरगढ़' के निवासी हैं, आपकी संपूर्ण शिक्षा पश्चिम बंगाल में संपन्न हुई है। पिछले कई वर्षों से आप कोलकाता में बसे हैं और चार्टर्ड अकाउंटेंट के पेशे से जुड़े हैं। साथ ही सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते हैं। वर्तमान में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा कोलकाता के अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इसी सभा में पहले ४ वर्षों तक मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के साथ भी जुड़े हुए हैं। जय भारत!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

**जतनसिंह मेहता**
व्यवसाई व समाजसेवी
ब्यावर निवासी-इचलकरंजी प्रवासी
भ्रमणध्वनी: ९४२२०४९२२५

जतनसिंहजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' आज के परिवेश में बहुत ही अधिक आवश्यक है क्योंकि इसी से हमें प्रेरणा मिलती है, भले ही हम १ दिन के लिए जुड़ते हैं पर भविष्य में महावीर के सिद्धांतों का अनुसरण कर सकें इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। त्याग, तप, दान, संयम का अनुसरण जैन समाज हजारों वर्ष से करता चला आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। महावीर के द्वारा दिए गए सिद्धांत 'जियो और जीने दो' हर काल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य आज के कलयुग में और भी जरूरी हो गया है इसीलिए हम भले ही १ दिन के लिए महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में पर्व के माध्यम से जोड़ने का प्रयास करते हैं, और भविष्य में भी जुड़े रहें, इसीलिए यह पर्व मनाना अत्यंत आवश्यक है।

'जैन एकता' आज हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज हमारी संख्या इतनी कम है कि हम अल्पसंख्यक में गिने जाते हैं उसके बावजूद हम पंथों में बंटे हैं और सभी संप्रदाय को एक साथ-एक मंच पर लाने का कार्य सभी पंथों के आचार्य व समाज के वरिष्ठ जन के माध्यम से ही संभव हो सकता है। हमारे सभी पर्व एक साथ-एक रुप में मनाया जाए तो अवश्य एकता स्थापित हो सकती है और अन्य समाज को भी हमारी एकता दिखाई देगी।

आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से तो जुड़ना तो चाह रही है पर उन्हें वह मौका नहीं मिल पा रहा है जिससे वह धर्म और समाज से जुड़ा रहे। आज विभिन्न कार्यक्रमों में होने वाले फिजूलखर्ची और स्वागत समारोह में लगने वाला समय युवाओं में उदासीनता निर्माण कर रहा है, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है, यदि युवाओं को जोड़ना है तो समाज द्वारा दिखावे आडम्बरों को रोकना होगा।

'भारत को 'भारत' की बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ और सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए क्योंकि यही नाम हमारे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी के ज्येष्ठ पुत्र भरत के नाम से पड़ा है, 'भारत' नाम हमारे देश का प्राचीन इतिहास दर्शाता है।

जतनजी मूलतः राजस्थान के ब्यावर के निवासी हैं। आपका जन्म शिक्षा 'ब्यावर' में ही संपन्न हुयी है। १९८१ से आप महाराष्ट्र के इचलकरंजी में बसे हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते हैं। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में यथासंभव अपनी सक्रियता निभाते हैं, जरूरतमंदों को चिकित्सीय सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। आपके सामाजिक कार्यों के कारण आपको जीवन गौरव, समाज भूषण जैसे कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक कार्यों में सतत अग्रसर हैं। बढ़े भाई रतन मेहता ब्यावर में DRUCC अजमेर रेल्वे मंडल के सदस्य व श्री आगम प्रकाशन समिति के महामंत्री, श्री पार्श्वनाथ जैन हास्पिटल के ट्रस्टी व कार्यकारिणी सदस्य, महावीर इंटरनेशनल इत्यादि संस्थाओं में सेवा कार्य कर रहे है। जय भारत!

**सम्पतलाल सोगानी**
व्यवसाई व समाजसेवी
सुजानगढ़ निवासी-गुवाहाटी प्रवासी
भ्रमणध्वनी: ९८६४०१७५९९

सम्पतलालजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' संपूर्ण समाज द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है, इस दिन संपूर्ण समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बड़े उत्साह से सम्मिलित होते हैं, इस दौरान धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम भी संपन्न किए जाते हैं। महावीर स्वामी के संदेश आज भी हमारे लिए उतने ही प्रेरणा स्वरूप हैं जितने पूर्व में रहे होंगे। आज उनके संदेशों और आदर्शों की सबसे अधिक आवश्यकता है।

'जैन एकता' आज हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यह होना ही चाहिए और इसके लिए सभी संप्रदायों को मिलकर प्रयास करना होगा, क्योंकि एकता में ही बल है, हमारा समाज वैसे भी कम संख्या में है और उसमें भी यदि हम इसी तरह बिखरे रहे तो थोड़े समय में हमारा समाज ही नामूल हो जाएगा, इसे रोकने के लिए 'जैन एकता' अत्यंत आवश्यक है।

आज की युवा पीढ़ी समाज व धर्म से जुड़ना तो चाहती है पर वह असमंजस में पड़ी हुई है कि वह किन गुरु-भगवंतों की बात माने और किसके दिशा-निर्देश पर चले, उन्हें सही दिशा की आवश्यकता है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए। वर्तमान आचार्य विद्यासागरजी ने भी इसके लिए आव्हान भी किया है।

संपतलालजी मूलतः राजस्थान के 'सुजानगढ़' के निवासी हैं। आपके पिताजी के समय से आपका परिवार गुवाहाटी आसाम में बसा है। आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा ही 'सुजानगढ़' में संपन्न हुई है। गुवाहाटी में आप पेट्रोलियम व परिवहन के व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। भारतवर्षीय संरक्षिणी महासभा से भी जुड़े हैं। जय भारत!

मैं भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

**तेज कुमार बैद**
अध्यक्ष भारतवर्षीय दि. जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा मध्य प्रदेश
इंदौर निवासी
भ्रमणध्वनि: ९४२५१५४७७७

तेजकुमारजी का जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'इंदौर' में संपन्न हुई है। यहां आप डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर विभाग मध्यप्रदेश शासन से सेवानिवृत्ति पाई है, वर्तमान में पूरी तरह से समाज सेवा में सक्रिय हैं। मध्य प्रदेश तीर्थ संरक्षण महासभा के अध्यक्ष, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा मालवा प्रांतीय महासभा, श्री महावीर ट्रस्ट इंदौर के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं, अन्य कई संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

तेजकुमारजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि आज के परिवेश को देखा जाए तो महावीर जन्म कल्याणक मनाने का उद्देश्य की सार्थकता समाप्त सी हो गई है, आज जितने भी सामाजिक संस्थाएं और उच्च पदों पर कार्यरत अपने स्वार्थ को सर्वोपरि रखे हुए हैं। धर्म के लिए उनकी आस्था समाप्त होती जा रही है और धार्मिक संस्थाएं उनके लिए मात्र एक आजीविका का साधन रह गया है तो हम महावीर के सिद्धांतों को किस तरह विश्व में फैला सकते हैं। आज समाज में फैले आडम्बर और दिखावे के कारण हमारा समाज अपने मूल पथ से विमुख होता जा रहा है जो एक दुख का विषय है। अपने धर्म और समाज की रक्षा हेतु सभी को मिलकर आगे आना होगा और धर्म के प्रति समर्पित होना होगा।

'जैन एकता' आज हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यह तभी संभव हो सकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति धर्म के प्रति समर्पित होगा और अपने धर्म के महत्व को बचाने के लिए सर्वप्रथम हमारे गुरु-भगवंतों को एक साथ-एक मंच पर आना होगा, क्योंकि श्रावक तो जुड़ना चाहता है, पर वह अपने गुरु का अनुयाई होता हैं। यदि गुरु कहेंगे तो वह अवश्य ही समाज में एकता स्थापित होगी, पर यहां आज सभी धर्मगुरू अहम और प्रतिष्ठा के पीछे पड़े हुए हैं तो एकता कैसे स्थापित हो सकती हैं। एकता स्थापित ना होने से ही आज हमारे तीर्थ हमारे हाथ से निकलते जा रहे हैं।

आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और समाज से जुड़ी है पर हम उनके सम्मुख जो आदर्श और सिद्धांत स्थापित करना चाहिए वह नहीं कर पा रहे हैं। स्वाध्याय गुरुकुल में आडंबर अधिक होने लगे हैं, समाज का धन अपव्यय हो रहा है, तो हम नई पीढ़ी के सम्मुख क्या उदाहरण और आदर्श प्रस्तुत कर सकेंगे।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, यह हमारे प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी के जेष्ठ पुत्र भरत के नाम से पड़ा है, पर यह राजनीतिक मसला भी है और इसे राजनीतिक क्रियाकलापों द्वारा ही संभव किया जा सकता है। जय भारत!

**आलोक सुराणा जैन**
हेड स्ट्रैटेजिक अकाउंट
पड़िहारा निवासी-बेंगलुरु प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८४५१७७९३३

आलोकजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' का महत्व हमेशा रहा है और रहेगा। आज के परिवेश में इसकी सबसे ज्यादा आवश्यकता है, क्योंकि आज हमारा समाज अपने आधुनिक जीवनशैली के कारण दिखावों और आडंबरों में अधिक घिरा हुआ है। जैन धर्म के जो मूल संस्कार हैं उनसे हम परे होते जा रहे हैं, पहले यह सिर्फ शहरों तक ही सीमित था, पर आज छोटे-बड़े कस्बों व गांवों में भी दिखाई देता है। हमारा समाज अपने मूल लक्ष्य से भटक रहा है, इस पर्व के माध्यम से हम महावीर के सिद्धांतों और आदर्शों से जुड़ने का प्रयास करते हैं ताकि अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।

'जैन एकता' के संदर्भ में आपका कहना है कि आज हमारे समाज में एकता की सबसे बड़ी आवश्यकता है, एकता सिर्फ किसी मुसीबत के समय हमें दिखाई देती है यदि हम हमेशा ही एक रहे तो सम्मेद शिखर जैसे मुद्दे उभरेंगे ही नहीं, इसके लिए हमें ऐसा कुछ करना चाहिए जिससे संपूर्ण समाज हमेशा एक साथ-एक मंच पर उपस्थित रहे।

आज के युवा वर्ग की अपने धर्म और समाज की प्रगति सक्रियता कम ही है, उनकी इस तीव्रता को बढ़ाना होगा, कोशिशें हो रही हैं उन्हें जोड़ने के लिए, पर हम उसमें सफल नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण आधुनिक शिक्षा पद्धति व प्रतियोगिताएं, जिसमें बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी उलझ कर रह गए हैं इसीलिए वे धर्म और समाज के प्रति समर्पित नहीं हो पा रहे हैं।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि १००% अपने देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए, इंडिया नाम गुलामी मानसिकता का प्रतीक है, इस दिशा में ठोस कदम उठाना होगा, जिससे हम 'भारत' को सिर्फ 'भारत' ही बोल सकें।

आलोकजी मूलतः राजस्थान स्थित 'पड़िहारा' के निवासी हैं, आपका जन्म और प्रारंभिक शिक्षा 'कोलकाता' में संपन्न हुई है, तत्पश्चात उच्च शिक्षा आपने 'बेंगलुरु' से ग्रहण की और एक मल्टीनेशनल कंपनी में स्ट्रैटेजिक अकाउंट हेड के पद पर सेवारत हैं, साथ ही सामाजिक कार्य में भी सक्रिय रहते हैं। तेरापंथ युवक परिषद के सदस्य हैं। जीतो से भी जुड़े हैं। जय भारत!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

**कन्हैयालाल नलवाया**
मंत्री श्री महावीर जैन श्वेताम्बर समिति उदयपुर
मध्य प्रदेश निवासी-उदयपुर प्रवासी
भ्रमणध्वनी: ९४१४१६७५५७

कन्हैयालालजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि महावीर के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए ही संपूर्ण जैन समाज द्वारा 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' बहुत ही विशाल रूप में मनाया जाता है। महावीर के स्यादवाद, 'जियो और जीने दो' के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही यह पर्व मनाया जाता है। आज इन सिद्धांतों की सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि समाज व देश कहीं ना कहीं विध्वंस शक्तियों से ग्रसित होते जा रहा है न सिर्फ अहिंसा बल्कि अन्य सिद्धांतों के द्वारा भी समाज में फैले विकृतियों को रोका जा सकता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य आज भी सार्थक है और आगे भी सार्थक रहेगा। 'महावीर जन्म कल्याणक' एक ऐसा पर्व है जो एक ही समय पर मनाया जाता है, यह पर्व दिगम्बर-श्वेताम्बर व अन्य संप्रदाय सभी को एक माला में पिरोने का कार्य करता है, इस दौरान सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, उपनगरों में प्रभात फेरी निकाली जाती है, उदयपुर में सकल जैन समाज द्वारा प्रत्येक ४ वर्षों में भव्य स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिस पर संपूर्ण जैन पंथ संगठित होकर चर्चा-परिचर्चा करता है और अन्य जैन समाज के सम्मुख भी हमारी एकता का संदेश जाता है, इसीलिए हर पर्व मनाना आज के परिपेक्ष में अत्यंत आवश्यक है।

'जैन एकता' हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, 'जीतो' संस्था द्वारा किसी न किसी रूप में सार्थक भी किया जा रहा है। 'जीतो' सिर्फ धर्म समाज ही नहीं जरूरतमंद विद्यार्थियों व छात्राओं को उचित आर्थिक सहायता प्रदान कर, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, जिससे हमारे समाज की स्थिति सुधरेगी और निश्चित ही हमारा समाज आगे बढ़ेगा।

आज के युवा वर्ग में अपने धर्म व समाज के प्रति चेतना का निर्माण हो रहा है। यह चेतना कोरोना काल के पश्चात ही युवाओं में अधिक जागृति आयी है और इसे सफल बनाने के लिए घर-घर में बाल्यकाल से ही बच्चों को संस्कार देने की आवश्यकता है तभी युवावस्था में भी वे अपने धर्म और संस्कारों से जुड़े रहेंगे।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम 'भारत' ही रहना चाहिए, क्योंकि प्राचीन काल से हमारा देश भारतवर्ष के नाम से संबोधित किया जाता रहा है। इंडिया नाम तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया नाम है, जो गुलामी का प्रतीक है। हमने बड़े संघर्षों के बाद गुलामी से मुक्ति प्राप्त की है तो हम इस नाम को अपना कर पुनः गुलामी क्यों अपना रहे हैं?

कन्हैयालालजी मूलतः मध्य प्रदेश में स्थित 'नीमच' के निवासी हैं। आपका जन्म व प्रारंभिक शिक्षा धामनियां (नीमच) में ही संपन्न हुई है, तत्पश्चात आगे की संपूर्ण शिक्षा राजस्थान में हुई है। पिछले ५५ वर्षों से आप 'उदयपुर' में बसे हैं, स्टेट बैंक में चीफ मैनेजर के पद पर से सेवानिवृत्त हुए हैं। सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। श्री महावीर जैन श्वेताम्बर समिति उदयपुर के तीसरी बार मंत्री पद पर स्थापित हुए हैं, एसबीआई पेंशनर संगठन के संगठन सचिव, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संगठन के संगठन सचिव के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, अन्य कई संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

**अरविंद जैन**
व्यवसाई व समाजसेवी
हिसार निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७७१९७३३१

अरविंद जी 'तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक' पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि यह पर्व जैनों का सबसे प्रमुख पर्व होता है क्योंकि इसी दिन जैन धर्म को ऊंचाइयों पर ले जाने वाले २४ वें तीर्थंकर और हमारे आराध्य महावीर स्वामी जी का जन्म उत्सव होता है, जिसे संपूर्ण जैन पंथों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस महोत्सव पर जैन मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाता है। भारत में कई जगह पर जैन समुदाय द्वारा प्रभात फेरी व रैली निकाली जाती है, इस अवसर पर गरीबों व जरूरतमंदों को सहयोग दिया जाता है। अन्य कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं।

'जैन एकता' की बात की जाए तो आज समाज में सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है और यह कार्य हम श्रावकों द्वारा ही संभव किया जा सकता है, यदि हम पंथवाद व संप्रदायवाद को छोड़ दें तो अवश्य 'जैन एकता' स्थापित हो सकती है, भले ही हमारी पूजा पद्धति व आराधना पद्धति भिन्न-भिन्न हों, पर सभी के मूल में तीर्थंकर महावीर स्वामी और उनके बताए सिद्धांत ही हैं।

आज का युवा वर्ग अपने धर्म और समाज से जुड़ रहा है, वह भी विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सक्रियता निभाता हैं।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का एक ही नाम रहना चाहिए 'भारत'।

अरविंद जी मूलतः हरियाणा स्थित 'हिसार' के निवासी हैं। आप पिछले कई वर्षों से 'सूरत' में बसे हुए हैं और यहां व्यवसाय से जुड़े हैं साथ ही दिगम्बर पंथ की विभिन्न संस्थाओं में भी अपनी भूमिका निभाते हैं। जय भारत!

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

मैं भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

**संगीता सेखानी**
पूर्व अध्यक्ष श्री जैन श्वे. तेरापंथ महिला मंडल साउथ कोलकाता
बिदासर निवासी-कोलकाता प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८३६६२३५५३

संगीता जी 'जैन एकता' के संदर्भ में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहती हैं कि अवश्य ही हमारे समाज में एकता की नितांत आवश्यकता है, इसके लिए समाज में सभी गुरु-भगवंतों को एक साथ-एक मंच पर आना होगा, तभी यह एकता संभव हो सकती है, क्योंकि हमारे तीर्थंकर एक हैं, णमोकार मंत्र एक है। समस्त जैन पंथों द्वारा स्विकृत एकमात्र 'जिनागम' पत्रिका के माध्यम से 'जैन एकता' का प्रयास बहुत ही सराहनीय है, हमारे आने वाली पीढ़ी को भी अपने धर्म और समाज की विशेषताओं का ज्ञान हो, इसके लिए समाज में एकता होनी बहुत जरूरी है।

आज की युवा पीढ़ी आधुनिक जीवन शैली के चक्कर में अपने धर्म और समाज से विमुख होती जा रही है, उन्हें जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाना चाहिए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का एक ही नाम रहना चाहिए, 'भारत' नाम में अपनत्व की झलक दिखती है और यह हमारी भारतीयता से भी जुड़ा हुआ है, इंडिया नाम अंग्रेजों द्वारा थोपा गया है और इस नाम का कोई अर्थ भी नहीं, अतः अपने देश का नाम हर भाषा में 'भारत' ही रहना चाहिए।

संगीता जी मूलतः राजस्थान स्थित 'बिदासर' की निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'कोलकाता' में ही संपन्न हुयी है, यहां आप श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल साउथ कोलकाता की पूर्व अध्यक्षा रही हैं, वर्तमान में कार्यकारिणी सदस्य हैं। बिदासर नागरिक संघ की भी उपाध्यक्ष रही हैं। जय भारत!

**सुरेश खिंवसरा**
अध्यक्ष श्रमण संघ तमिलनाडु
नागौर निवासी-तमिलनाडु प्रवासी
भ्रमणध्वनी: ९४४३३७३२६७

सुरेशजी 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि तमिलनाडु में संपूर्ण जैन पंथों द्वारा 'महावीर जन्म कल्याणक पर्व' बहुत ही विशाल रूप में मनाया जाता है। सामायिक व धर्म आराधना की जाती है। समाज द्वारा दुकानें बंद रखी जाती है, दिगम्बर व मंदिरमार्गी पंथों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाती है, इस तरह हम महावीर के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं, अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करते हैं, पर्व के माध्यम से अन्य समाज के सम्मुख भी जैन समाज की एकता का संदेश जाता है।

'जैन एकता' के संदर्भ में मेरा यही कहना है कि यह असंभव सा प्रतीत होता है, क्योंकि हमारा समाज कई पंथों में बंटा हुआ है, हर जैन पंथों के साधु-संतों के अपने मत अपने मत हैं, कहीं ना कहीं सभी महावीर के सिद्धांतों और मूल्यों से भटक गए हैं तो समाज में एकता किस तरह स्थापित हो सकती है, यदि हमारे साधु-संतों के मत एक हो जाएं और सभी एकमंच पर एकत्रित होकर कार्य करें तो अवश्य 'जैन एकता' स्थापित हो सकती है। आज का युवा वर्ग अपने धर्म और समाज से जुड़ा हुआ है वह विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर उपस्थित होते हैं, सक्रियता देखते ही बनती है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ और सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए यही हमारे देश का प्राचीनतम और गौरवशाली नाम है जिस पर हमें गर्व है।

सुरेशजी मूलतः राजस्थान के 'आलनियावास' के निवासी हैं, आपका जन्म व शिक्षा नागौर में ही संपन्न हुयी है। पिछले ४८ वर्षों से आप तमिलनाडु में बसे हैं आप फाइनेंस के व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। प्राज्ञ संघ के सदस्य, एसएस जैन संघ सिरकाली के कार्याध्यक्ष, श्रमण संघ (कावेरी बेल्ट) तमिलनाडु के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

'महावीर जन्म कल्याणक' पर्व पर हार्दिक शुभकामनायें
**कन्हैयालाल नलवाया**
मंत्री श्री महावीर जैन श्वेताम्बर समिति, सेक्टर ११, उदयपुर
Mob.: 9414167557
1-GH-14, Machala Magra Scheme, Sector-11, Udaipur, Rajasthan, Bharat- 313001

जिनागम पत्रिका के पाठकों व विज्ञापन दाताओं को
'तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक पर्व' पर
शुभकामनाएं



जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

**ऍड. गोपाल चंद्र जैन**
**पूर्व अध्यक्ष श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा उड़ीसा**
**हरियाणा निवासी-उड़ीसा प्रवासी**
**भ्रमणध्वनि: ९४३७०९२६२२**

गोपालचंद्रजी आराध्य 'तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक' पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहते हैं कि सकल जैन समाज द्वारा 'जियो और जीने दो' का दुनिया को संदेश देने वाले जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर महावीर का जन्म कल्याणक पर्व बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है, इस दौरान प्रभात फेरी का आयोजन किया जाता है, रथयात्रा निकाली जाती है, जिनालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जैन समाज द्वारा पूजा-आराधना की जाती है। यह पर्व संपूर्ण समाज द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है, इस दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं, जिसमें सभी का उत्साह देखते बनता है। आज के परिपेक्ष में युवाओं को जागृत करने के लिए ऐसे पर्व की नितांत आवश्यकता है।

आज का युवा वर्ग अपने धर्म और समाज से विमुख होता हुआ दिखाई देता है, वह पर्व को सिर्फ एक कार्यक्रम के रूप में लेते हैं, इस पर्व के वास्तविक महत्व को नहीं समझ पा रहे, अतः उन्हें जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है।

'जैन एकता' असंभव सी प्रतीत होती है, संभव हो सकती है यदि सभी अपने निजी स्वार्थ को बगल में रख केवल जैन धर्म और समाज को प्रमुखता प्रदान दें, तो ही 'जैन एकता' स्थापित हो सकती है।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए। 'भारत' नाम में अपनापन है, यह भारतीयता और इतिहास को प्रदर्शित करता है, इंडिया शब्द का कोई अर्थ नहीं, यह अंग्रेजों द्वारा हम पर थोपा गया नाम है।

गोपालचंद्रजी मूलतः हरियाणा के निवासी हैं। आपका परिवार कई पिढ़ियों से उड़ीसा में बसा हुआ है। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा भी उड़ीसा में ही संपन्न हुयी है। यहां आप 'कर' अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही सामाजिक क्षेत्रों में भी सक्रिय रहते हैं। पूर्व में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष रहे हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स, अग्रवाल समाज, गोपाल गौशाला जैसे कई संस्थाओं से जुड़े हैं। जय भारत!



**'जिनागम' समस्त जैनों की एकमात्र पत्रिका है इसे पढें व अन्यों को भी पढायें...**

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

# नयपद्मसागरजी और प्रशांतसागरजी महाराज को आचार्य पदवी प्रदान

**मुंबईः** समस्त मानवजाति के कल्याण के लिए पिछले ४० वर्षों से कार्य कर रहे गुरुदेव नयपद्मसागरजी को महालक्ष्मी स्थित रेसकोर्स ग्राउंड में हजारों की संख्या में मौजूद श्रावक व श्राविकाओं के बीच 'आचार्यश्री' की उपाधि दी गई। वैचारिक-शैक्षणिक क्रांति के जरिए लाखों लोगों का जीवन रूपांतरित कर चुके नयपद्मसागरजी महाराज साहब के आचार्य पद महोत्सव में हर क्षेत्र व हर धर्म के लोगों की मौजूदगी रही।

गौरतलब है कि जैन धर्म में आचार्य पदवी ठीक वैसे ही मानी जाती है, जैसे सनातन धर्म में शंकराचार्य की उपाधि। गुरूदेव नयपद्मसागरजी से आचार्य पद मिलने के बाद उनके संकल्पों के बारे में पूछने पर वे आनंद से सराबोर वाणी में कहा:

मेरा संकल्प विश्वकल्याण का है, जिसमें पांच सूत्रीय कार्यक्रम होंगे, फूड फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, वेल्थ फॉर ऑल, अध्यात्म फॉर ऑल और पीस फॉर ऑल।

विशेष रूप से युवावर्ग में फैल रहीं मानसिक स्वास्थ से जुड़ी समस्याओं को निवारण करने का अलख जगाऊंगा, युवा खुशहाल रहेंगे तो ही देश और विश्व खुशहाल होगा। इस मौके पर दिगम्बर, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक, स्थानकवासी, तेरापंथी के आचार्य-संत उपस्थित थे, इसी दिन प्रशांतसागरजी महाराज को भी आचार्य उपाधि से विभूषित किया गया।

**जैन दर्शन का सर्वोत्तम उत्सव**

JIO (जैन इंटरनैशनल ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष घेवरचंद बोहरा के अनुसार 'जैन एकता' के महासहयोगी नयपद्मसागरजी JIO व JITO के संस्थापक हैं, उनकी आचार्य पदवी के मौके पर देश के कई दिग्गज शामिल थे। श्री बोहरा ने यह भी बताया कि गुरुदेव ने न सिर्फ आमजन में अध्यात्म का बीज बोया, बल्कि इकॉनमिक एम्पावरमेंट, श्रमण आरोग्यम, शैक्षणिक क्रांति के क्षेत्र में कई कार्य किए हैं।

JIO के वीरेंद्र शाह ने बताया कि जैन धर्म में नवकारमंत्र में तीसरा पद आचार्य पद है, जिन्हें आचार्य पद प्रदान किया जाता है, उन्हें परमात्मा स्वरूप, धर्म संघ का नेतृत्व करने वाले और विश्व कल्याण की परंपरा का संवाहक माना जाता है।

JITO चेयरमैन सुखराज नाहर, प्रदीप राठौड़ के अनुसार इस मंगल समारोह को देखना भी पुण्य माना जाता है।

JITO के मोतीलाल ओसवाल ने कहा कि सर्व-धर्म सद्भाव के लिए कार्य कर रहे गुरुदेव का विश्व बंधुत्व की अद्भुत सोच है।

JIO के वीरेंद्र तुरकिया, प्रताप जैन और मुकेश भंडारी के अनुसार यह जैन दर्शन का सर्वोत्तम उत्सव था।

'सत्य-अहिंसा' धर्म हमारा 'नवकार' हमारी शान है,
'महावीर' जैसा नायक पाया जैन हमारी पहचान है
तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक शुभकामनाएं

H. M. Sethia Mob.: 9435112343
Manoj Sethia Mob.: 9864021444
K. J. Sethia & Co.
FOOD GRAINS, POTATO, ONION MERCHANTS & COMMISSION AGENT
H.B. Road, Fancy Bazar, Guwahati, Assam, Bharat-781001
Ph : 0361-2543362, 2543465

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी प्रदत्त सुविधाओं का लाभ लेना ही चाहिए

**इंदौर:** भारत सरकार द्वारा देश के अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षण संस्थाओं को संरक्षण देने के भाव से गठित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था आयोग (NCMEI) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार जैन दिनांक ०३-०४ मार्च को इन्दौर पधारे। ४ मार्च को प्रात:काल हसमुख गाँधी परिवार के सौजन्य से समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते न्यायमूर्ति श्री जैन ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है। अनेकता में एकता ही इसकी विशेषता है। भारतीय संविधान में धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यक को अपनी भाषा, संस्कृति, पुरातत्व, धर्म, धर्मायतनों एवं सांस्कृतिक स्थलों की सुरक्षा के लिए अनेक अधिकार प्रदान किए गए हैं किन्तु जैन समाज इन अधिकारों से परिचित न होने के कारण इनका लाभ नहीं ले पा रहा है। आपने उदाहरण देते हुए बताया कि एक व्यक्ति श्री सुरेशचन्द्र जैन ने संविधान में प्रदत्त अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उपयोग करते हुए तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (TMU) मुरादाबाद जैसा प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय खड़ा कर लिया, जिसने कोरोना काल में उस अंचल के लोगों की महती सेवा की।

कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री जे.के. जैन ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि NCMEI के Chairman के पद पर न्यायमूर्ति एन.के. जैन साहब उपस्थित हैं। हमें उनके अनुभव, ज्ञान एवं सामाजिक संस्थाओं को संरक्षण देने की जिजीविषा का लाभ लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते रहने चाहिए। कार्यकम का सशक्त संचालन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के जैन गणित शोध केन्द्र के निदेशक एवं आचार्य डॉ. अनुपम जैन ने किया तथा परिचय श्री रजनीकांत गाँधी ने दिया।

इस अवसर पर हसमुख गाँधी, श्री रजनीकांत गाँधी, डॉ. अनुपम जैन, श्रीमती स्वाति गाँधी, न्यायमूर्ति जे.के. जैन आदि ने न्यायमूर्ति एन. के. जैन को दि. जैन तीर्थ निर्देशिका की प्रति भेंट की। कार्यकम में श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, श्रीमती एन.के. जैन, श्री राजकुमार पाटोदी, श्री कमलेश कासलीवाल, श्री टी.के. वेद, श्री अनिल रावत, श्री सुशील पांड्या सहित जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के शताधिक प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यकम में दिगम्बर जैन सामाजिक संसद, महावीर ट्रस्ट, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, दि. जैन महासभा, दि. जैन महासमिति, पावागिर ऊन ट्रस्ट, जैसवाल जैन समाज ट्रस्ट, दि. जैन समाज सुदामानगर, कल्पतरु दि. जैन मंदिर, JITO, परवार सभा, JES, ऋषभदेव गौरव न्यास आदि संस्थाओं के शताधिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

**- डॉ. अनुपम जैन**

**निदेशक- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर**

जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!! जय जिनेन्द्र! जय जिनेन्द्र!! जय जिनेन्द्र!!!

Issue Opens : 03-11-2022
Issue Closes : 07-11-2022
Price Band : 285 – 300

**THANK YOU INVESTORS FOR OVERWHELMING RESPONSE**

Total Issue Size: ~ INR 881 Crores
a) Anchor : ~ INR 261 Crores
b) Main Book : ~INR 620 Crores

BIKAJI

# BIKAJI FOODS INTERNATIONAL LIMITED

| QIB* | HNI | RETAIL | EMPLOYEE |
|---|---|---|---|
| 80.63 TIMES | 7.10 TIMES | 4.77 TIMES | 4.38 TIMES |

## IPO SUBSCRIBED 26.67 TIMES*

TOTAL BID RECEIVED : ~ Rs. 16,510 Crores* (@ Upper Band)

Intensive
Investment Banking · NBFC · Family Office

www. intensivefiscal.com

**Mr. DK Surana, CMD at Intensive** is a Seasoned Investor focused at investing in Growth-oriented companies driven by First Generation Entrepreneurs in India. Fast growing reputed Companies like **Bikaji Foods, Style Baazar, Waaree Energies, Kishlay Foods, Ami Lifesciences, Aakash Namkeen, Gokul, etc.** are some of the private sector companies under his Investment Portfolio. His investment has also been marked with Co-investment by India's Marque Investor like **Lt. Rakesh Jhunjhunwala, Kedaara Capital, Haldiram Group, Whiteoak, Lighthouse, Norwest, IIFL AMC, Axis AIF, Avendus, KKCL & Granite Hill Capital Partners.**

## तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

### श्री मोहनखेड़ा महातीर्थ

**श्री शत्रुंजय तीर्थ स्पर्शना के बाद गुजरात क्षेत्र में विचरण**

### प्रभु के सच्चे वारसदार अर्थात गुरुदेव

**सद्गुरु के शब्दों को समझने के लिए बुद्धि का पना कम पड़ता है**

### धन्य ! धन्य मुनिवरा !!

पू. पिताश्री
स्व. श्री धनराजजी

श्री मोहनखेड़ा महातीर्थ के विकास प्रेरक, संघवात्सल्यमूर्ति, तत्वचिंतक,
परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य देवेश
**श्रीमद्विजय ऋषभचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा के**
**चरणों में कोटि-कोटि वंदन**

पू. मातुश्री
स्व. कमलाबेन

धुम्बडिया (राज) निवासी शा. बाबुलालजी धनराजजी डोडीया गाँधी परिवार
श्रीमती सुशीलाबेन बाबुलालजी डोडीया गाँधी
पुत्र-पुत्रवधु : जयंत-ममता, शैलेष-मंदाकिनी पौत्र-पौत्री : कुशी, कियाश, झील, क्रिश
बेटा-पोता : धनराजजी हरजीजी डोडीया गाँधी परिवार

Postal Registration Number - MCN/192/2021-2023
WPP License No. MR/Tech/WPP-319/North/2021-23
'License to post without prepayment'
Published on 09th March 2023 & Posting On 10th & 12th of Every Month
Posted at Marol Bazar Post Office, Mumbai - 400 059

गेलार्ड पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड व संपादक, मुद्रक व प्रकाशक बिजय कुमार जैन, बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400 059, टेलीफैक्स-022-2850 9999
अणु डाक -mailgaylordgroup@gmail.com, अन्तरताना : www.jinagam.co.in, द्वारा विनय ग्राफिक्स, युनिट नं 13, रवी इन्ड. को.-ऑप. सोसाइटी लि., 25 महल इन्ड ईस्टेट, महाकाली केव्हज रोड, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400093 से मुद्रित करवाकर प्रकाशित किया गया।
RNI NO. MAHHIN/2006/19598